उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा की कार्यसूची

## गुरूवार, 18 ज्येष्ठ, शक संवत्, 1939

( दिनांक : 08 जून, 2017 )

**समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न**

1. प्रश्न (देखिए नत्थी **"क"**)
2. निधन के निदेश।
3. मुख्यमंत्री, "भारत का संविधान" के अनुच्छेद-323(2) के अधीन उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग के पंचदश वार्षिक प्रतिवेदन (दिनांक 01 अप्रैल 2015 से दिनांक 31 मार्च, 2016 तक) सदन के पटल पर रखेंगे।
4. समाज कल्याण मंत्री, निःशक्तजन अधिनियम, 1995 की धारा-65 के अन्तर्गत आयुक्त निःशक्तजन उत्तराखण्ड का (01 अप्रैल, 2014 से 31 मार्च, 2015 तथा 01 अप्रैल, 2015 से 31 मार्च, 2016 तक) वार्षिक प्रतिवेदन सदन के पटल पर रखेंगे।
5. सचिव, विधान सभा घोषित करेंगे कि :-

   (1) उत्तराखण्ड आकस्मिकता निधि अधिनियम (संशोधन) विधेयक, 2017 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 02 मई, 2017 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 11 मई, 2017 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2017 का पाचवाँ अधिनियम बन गया।

   (2) उत्तराखण्ड माल और सेवाकर विधेयक, 2017 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 02 मई, 2017 को पारित किया गया था, पर माननीय राज्यपाल की अनुमति दिनांक 25 मई, 2017 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2017 का छठवाँ अधिनियम बन गया।
6. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।
7. श्री धन सिंह नेगी, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद टिहरी शहर में ड्रेनेज सिस्टम बिजली, पानी एंव सड़कों का अवस्थापना विकास कराये जाने के सम्बन्ध में'' श्री हरि सिंह पुण्डीर एवं अन्य निवासीगण, ग्राम-काण्डा पो0 लामकोट, जनपद-टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।
8. श्री धन सिंह नेगी, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद टिहरी के टिपरी काण्डीखाल मोटर मार्ग के अन्तर्गत ग्राम नन्द गांव व मठियाली के कास्तकारों का प्रतिकर भुगतान कराये जाने के सम्बन्ध में'' श्री विनोद, सिंह, ग्राम मैहराब, पो०बड़कोट टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

9. श्री धन सिंह नेगी, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''जनपद टिहरी के नई टिहरी व चम्बा नगरपालिका क्षेत्र में कूड़े के निस्तारण किये जाने के सम्बन्ध में'' श्री धर्म सिंह रावत, भारत मार्केट चम्बा, टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

10. श्री धन सिंह नेगी, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''टिहरी विधानसभा के अन्तर्गत सारज्यूला व कोश्यार ताल,घण्टाकर्ण, सुरकण्डा लम्बित पम्पिंग योजनाओं का कार्य पूर्ण कराये जाने के सम्बन्ध में'' श्री जगवीर सिंह रावत, ग्राम व पो० तुगोंली, टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

11. श्री धन सिंह नेगी, सदस्य, विधान सभा द्वारा ''टिहरी विधानसभा के अन्तर्गत रानीचौरी, चम्बा नगर व टिपरी पम्पिंग योजनाओं के पुर्नगठन कराये जाने के सम्बन्ध में'' श्री विजय सिंह नेगी, ग्राम डारगी, पो० रानीचौरी, टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

12. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

13. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

14. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

15. संसदीय कार्य मंत्री, उत्तराखण्ड राज्य विधान मण्डल (अनर्हता निवारण) (संशोधन) विधेयक, 2017 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

16. संसदीय कार्य मंत्री, उत्तराखण्ड राज्य विधान मण्डल (अनर्हता निवारण) (संशोधन) विधेयक, 2017 को पुरःस्थापित करेंगे।

17. वित्त मंत्री, उत्तराखण्ड मूल्य वर्धित कर (संशोधन) विधेयक, 2017 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

18. वित्त मंत्री, उत्तराखण्ड मूल्य वर्धित कर (संशोधन) कर विधेयक, 2017 को पुरःस्थापित करेंगे।

19. उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम-315 के खण्ड (22) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

(कार्यमंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी-''**ख**'')

20. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

.......................................................................................................

**(समय : अपराह्न 04:00 बजे)**।

21. वित्त मंत्री, वित्तीय वर्ष 2017-18 का आय-व्ययक प्रस्तुत करेंगे।

22. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

23. जनपद अल्मोड़ा के सल्ट विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत मानिला में पर्यटन सुविधाओं का विकास न किये जाने से क्षेत्रीय जनता में व्याप्त असन्तोष के सम्बन्ध में श्री सुरेन्द्र सिंह जीना, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 01 मई, 2017 को दी गई सूचना पर पर्यटन मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।

24. विधान सभा क्षेत्र बागेश्वर के अन्तर्गत जेठाई व आठ अन्य गांवों में पेयजल की समस्या से लोगों में उत्पन्न आक्रोश के संबंध में श्री चन्दन राम दास, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 01 मई, 2017 को दी गई सूचना पर पेयजल मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत केवल वक्तव्य।

25. जनपद अल्मोड़ा के सल्ट विधान सभा क्षेत्रान्र्गत गैरखेत-बल्मरा-सराईखेत में उत्तराखण्ड राज्य बनने से पूर्व स्वीकृत मोटर मार्ग का आज तक सुधारीकरण व डामरीकरण न होने से क्षेत्रीय जनता में व्याप्त असन्तोष के संबंध में श्री सुरेन्द्र सिंह जीना, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 02 मई, 2017 को दी गई सूचना पर मुख्यमंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।

26. विधान सभा क्षेत्र पौडी के विकास खण्ड कल्जीखाल में चिनवाड़ी डांडा पम्पिंग पेयजल योजना के संबंध में श्री मुकेश सिंह कोली, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 02 मई, 2017 को दी गई सूचना पर पेयजल मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत केवल वक्तव्य।

आज्ञा से,

देहरादून :
दिनांक : 07 जून, 2017

(जगदीश चन्द्र)
सचिव।

द्वितीय सत्र, 2017
का प्रथम गुरूवार

उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा

## की कार्यसूची

### गुरूवार, 18 ज्येष्ठ, शक संवत्, 1939

### (दिनांक : 08 जून, 2017)

### नत्थी ''क''

### तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल 27.04.2017 | *1. क्या पंचायतीराज मंत्री अवगत है कि उत्तराखण्ड के पर्वतीय जनपदों में सार्वजनिक स्वरूप के मंदिरों में प्रवेश अनुसूचित जाति के लिए समाजिक रूप से प्रतिबन्धित है? यदि हॉ, तो पंचायतीराज एक्ट तथा भारतीय संविधान के अनु0 17 तथा पठित अनु0 25 (2) (ख) के अन्तर्गत पंचायतीराज विभाग की ओर से अस्पृश्यता उन्मूलन के लिए क्या कोई दिशा–निर्देश सभी गॉव पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों, जिला पंचायतों को दिये जायेगें? यदि हॉ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | **पंचायतीराज** |
| श्री देशराज कर्णवाल 30.04.2017 | *2. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के नगरीय क्षेत्र में स्थित सरकारी प्राथमिक स्कूलों में अध्यापकों की सेवानिवृत्ति पर नई नियुक्ति न होने से बड़ी संख्या में स्कूल शिक्षक विहीन हो रहे है? क्या सरकार बच्चों को प्रदत्त शिक्षा के अधिकार को सुनिश्चित करने हेतु इस समस्या के स्थायी समाधान के लिये कोई कार्य योजना बना रही है? यदि हॉ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>04.05.2017 | ’3. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में कुल कितने राजकीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट कॉलेज भवन विहीन हैं? क्या सरकार भवन विहीन विद्यालयों के भवनों के निर्माण के लिए कोई ठोस योजना बना रही है? यदि हां तो भवन विहीन विद्यालयों का निर्माण कब तक करा लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| काजी मौ0 निजामुद्दीन<br>12.05.2017 | ’4. क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि राज्य के नगरीय क्षेत्रों में आर0टी0ई0 के मानकों के अनुसार शिक्षकों की भारी कमी हैं? यदि हॉ, तो क्या सरकार नगरीय क्षेत्रों में शिक्षकों की कमी यथाशीघ्र दूर करने हेतु कोई कार्य योजना बना रही है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>15.05.2017 | ’5. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उधमसिंहनगर, नैनीताल, उत्तरकाशी, रूद्रप्रयाग एवं अल्मोड़ा जनपदों में सर्व शिक्षा अभियान एवं राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के अन्तर्गत तथा बागेश्वर, चमोली, चंपावत, देहरादून, हरिद्वार, पौड़ी, पिथौरागढ़ एवं टिहरी जनपदों में दिव्यांग बच्चों को शिक्षित किए जाने हेतु आई0ई0डी0एस0एस0 एवं आई0ई0डी0 योजनाओं के अन्तर्गत रिसोर्स पर्सन नियुक्ति किए गए हैं? यदि हॉ तो इस योजना के अन्तर्गत वर्ष 2015–16 व 2016–17 में संबंधित जनपदों में जनपदवार कितने–कितने रिसोर्स पर्सन की नियुक्ति की गई है? | **शिक्षा** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>15.05.2017 | ’6. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य प्राप्ति आंदोलन में शहीद राज्य आंदोलनकारियों के बारे में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में पाठ्यक्रम में लेख सम्मिलित किए जाने की कोई कार्य योजना विचाराधीन है? यदि हॉ तो शहीद आन्दोलनकारियों का उल्लेख पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>17.05.2017 | ’7 क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में सुगम और दुर्गम नीति के स्थान पर पर्वतीय क्षेत्रों के सरकारी अधिकारी /कर्मचारी को उनके गृह जनपद के समीप के विकासखंड में तैनात करने की नीति बनाने पर विचार कर रही है? यदि हां तो नीति का स्वरूप क्या है? यदि नहीं तो क्यों? | **शिक्षा** |

# अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>26.04.2017 | 1. क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में स्पोटर्स कॉलेज खुलने के वर्ष से वर्तमान समय तक वर्षवार तथा कक्षवार अनुसूचित जाति के बच्चों के कितने प्रवेश हुए है? तथा इस संबंध में आरक्षण को पूरा करने के लिए वर्तमान सरकार की क्या नीति है? | **खेल** |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>28.04.2017 | 2. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों में चयन प्रक्रिया पर बार–बार मीडिया/समाचार पत्रों में धांधली के आरोप लगते रहे है? क्या सरकार इस चयन प्रक्रिया को परिवर्तित कर राज्य स्तर पर चयन आयोग बनायेगी? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि साक्षात्कार समाप्त कर लिखित परीक्षा के माध्यम से गुणांक के आधार पर नियुक्त करने का सरकार का कोई प्रस्ताव विचाराधीन है? यदि हॉ, तो क्या? | **शिक्षा** |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>28.04.2017 | 3. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि शिक्षा विभाग के अन्तर्गत अनुसूचित जाति के छात्र–छात्राओं को अंग्रेजी, गणित, विज्ञान विषयों में प्रवेश देने के लिए हतोत्साहित किया जाता है? यदि हॉ, तो क्या? इस विसंगतिपूर्ण स्थिति को दूर करने के लिए सरकार इस सत्र के लिए कोई दिशा–निर्देश जारी कर रही है? | **शिक्षा** |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>28.04.2017 | 4. क्या संस्कृत शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जब से संस्कृत निदेशालय स्थापित हुआ तब से अब तक विभिन्न संवर्गों में कुल कितने छात्र–छात्राओं का सरकारी नौकरी में चयन किया गया? क्या प्रत्येक संवर्ग में क्या अनुसूचित जाति एवं जनजाति का आरक्षण पूरा किया गया? यदि नहीं, तो क्यों? | **संस्कृत शिक्षा** |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>28.04.2017 | 5. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में कुल कितने प्राईमरी स्कूल है? उनमें कितनी भोजन माताऐं सेवारत है, और उसमें से कुल कितनी अनुसूचित जाति की है, और उनका प्रतिशत कितना है? क्या यह सही है कि अनुसूचित जाति के भोजन माताओं के द्वारा परोसा गया भोजन स्वर्ण छात्र–छात्राऐं नहीं खाते हैं? इसके लिए शिक्षा विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की गयी है? | **शिक्षा** |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>29.04.2017 | 6. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पूरे उत्तराखण्ड में विद्यालयों में ड्रॉप आउट की क्या स्थिति है? इसके लिए संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्य तथा प्रमुख जिला शिक्षाअधिकारियों को क्या कोई दिशा–निर्देश दिये गये है? यदि हॉ, तो तत्संबंधी शासनादेश की प्रति सदन के पटल पर रखी जायेगी? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>29.04.2017 | 7. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तर प्रदेश राज्य पुर्नगठन के बाद प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों में आज तक पी.टी.ए. द्वारा कितने शिक्षक (प्रवक्ता व सहायक अध्यापक) नियुक्त किये गये? तथा इनमें से कितने शिक्षकों को तदर्थ नियुक्ति दी गयी? इन नियुक्त शिक्षकों में अनुसूचित जाति व जनजाति के कितने शिक्षक है? पी.टी.ए. द्वारा नियुक्ति में आरक्षण की सरकार ने व्यवस्था की है? यदि हॉ, तो शासनादेश की प्रति सदन के पटल पर रखी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>29.04.2017 | 8. क्या सहकारिता मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जिला सहकारी बैंकों तथा उसके नियंत्रणाधीन बैंकों द्वारा अनुसूचित जाति के बकायेदारों के विरूद्ध वसूली प्रमाण पत्र जारी किये गये? क्या इसके लिए एकमुश्त वसूली की योजना लागू है? यदि नहीं, तो क्यों? | **सहकारिता** |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>29.04.2017 | 9 क्या दुग्धविकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में अनुसूचित जाति गरीब महिलाओं के लिए दो दुधारू पशु दिये जाने की कोई योजना है? यदि हॉ, तो उसका क्या स्वरूप है? | **दुग्ध विकास** |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>04.05.2017 | 10. क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि बद्रीनाथ विधान सभा के अन्तर्गत गोपेश्वर एवं पोखरी में खेल मैदान निर्माण हेतु सरकार द्वारा कुल कितनी धनराशि स्वीकृत की गयी है? क्या मंत्री जी यह भी बताऐंगे कि उक्त स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष कुल कितनी धनराशि खर्च कर दी गयी है? क्या खेल मैदान बनकर विभाग को हस्तान्तरित कर दिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | **खेल** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>04.05.2017 | 11. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में राजकीय प्राथमिक विद्यालयों, उच्च प्राथमिक विद्यालयों, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों तथा इण्टरमीडिएट कॉलेजों में अध्यापकों के कुल कितने पद स्वीकृत है? क्या मंत्री जी यह भी बताऐंगें कि स्वीकृत पदों के सापेक्ष कुल कितने पद रिक्त चल रहे हैं तथा रिक्त पदों पर अध्यापकों की तैनाती कब तक कर दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>05.05.2017 | 12. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के जोशीमठ विकास खण्ड के राजकीय इण्टर कॉलेज दुर्गम में एन0सी0सी0 जूनियर एवं सीनियर खोलने हेतु सरकार विचार करेगी? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>08.05.2017 | 13. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वर्तमान में कुल कितने अतिथि शिक्षक कार्यरत है? क्या सरकार इन्हें नियमितीकरण करने पर विचार करेगी? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>08.05.2017 | पुनरावृति के आधार पर निरस्त<br>14. क्या सहकारिता मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जिला सहकारी बैंकों तथा उसके नियंत्रणाधीन बैंकों द्वारा वसूली प्रमाण पत्र अनु0 जाति के बकायेदारों के विरूद्ध जारी किये गये? क्या इसके लिए एकमुश्त वसूली की योजना लागू है? यदि नहीं तो क्यों? | सहकारिता |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>11.05.2017 | 15. क्या युवा कल्याण मंत्री अवगत है कि झबरेड़ा विधान सभा क्षेत्र जिला हरिद्वार में कोई स्टेडियम नहीं है जहां किसी भी स्तर के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए अभ्यास कर सके? तथा झबरेड़ा कस्बे में जनता द्वारा एक मिनी स्टेडियम की मांग की जा रही है? यदि हॉ तो अभी तक इस दिशा में क्या कार्य किया गया तथा अब इस दिशा में कब तक कार्यवाही अपेक्षित है? यदि नहीं, तो क्यों? | युवा कल्याण |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>12.05.2017 | 16. क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत है कि झबरेड़ा क्षेत्र जिला हरिद्वार में झबरेड़ा के कस्बे के अलावा कहीं पर भी उच्च शिक्षा का कोई केन्द्र स्थापित नहीं है? तथा उक्त क्षेत्र के लखनौता एवं शेरपुर में बालक एवं बालिका महाविद्यालय की स्थापना की मांग की जा रही है? यदि तो क्या सरकार लखनौता एवं शेरपुर में बालक एवं बालिका महाविद्यालय की स्थापना करेगी? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>12.05.2017 | 17. क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के विकास खण्ड जौनपुर के अन्तर्गत ग्राम सिल्ला पट्टी सकलाना के छात्र–छात्राओं को अध्ययन हेतु 03 कि0मी0 दूरस्थ रा0प्रा0वि0 धनचुला जाना पड़ता है? यदि हॉ तो क्या सरकार छात्र हित में ग्राम सिल्ला के छात्र–छात्राओं के पठन–पाठन की समुचित व्यवस्था ग्राम सिल्ला में ही करायेगी? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>12.05.2017 | 18. क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के राजकीय जूनियर हाईस्कूल दौंक पट्टी सकलाना विकास खण्ड जौनपुर का विद्यालय भवन काफी समय पूर्व क्षतिग्रस्त हो गया था? क्या यह सत्य है कि तब से लेकर कक्षा 6, 7 व 8 के छात्र–छात्राओं की कक्षाओं का संचालन बाहर खुले मैदान में किया जा रहा है? क्या सरकार बतायेगी कि छात्रहित में उक्त क्षतिग्रस्त विद्यालय भवन का शीघ्र निर्माण कराया जायेगा? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>15.05.2017 | तृतीय मंगलवार के अतारांकित प्रश्न संख्या–07 में स्थानान्तरित<br>19. क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत है कि जनपद हरिद्वार में अनुसूचित जाति वर्ग के दशमोत्तर छात्र–छात्राओं (जिसमें उच्च एवं तकनीकी छात्र भी शामिल हैं) को छात्रवृत्ति विगत 2 वर्षों से नहीं मिली थी जिस कारण अनेक विद्यार्थी शिक्षा छोड़ने पर बाध्य हुए थे? यदि हॉ तो इस दिशा में क्या सरकार कोई कार्यवाही करेगी? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | उच्च शिक्षा |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br><br>15.05.2017 | 20. | क्या खेल मंत्री अवगत है कि खेल स्टेडियम काशीपुर में विगत कई वर्षों से व्यवस्थाओं का अभाव बना हुआ है जिसमें स्टेडियम की वाहरी दीवारों का निर्माण, तरणताल भवन की मरम्मत तथा वेस्ट वाटर निकासी हेतु जल संग्रह टैंक का निर्माण कार्य, स्टेडियम के रनिंग ट्रैंक में मिट्टी भरान एवं जल निकासी हेतु ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण, मैदान में प्रकाश व्यवस्था, पानी छिड़कने हेतु भूमिगत पाईप लाईन की व्यवस्था, बास्केटबाल कोर्ट के दोनों तरफ जाली/दीवारों का निर्माण एवं बाथरूमों का पुर्ननिर्माण न होना मुख्य रूप से है? यदि हॉ, तो क्या सरकार इस स्टेडियम का जीर्णोद्वार एवं सौन्दर्यीकरण कराकर खिलाड़ियों को मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराये जाने पर विचार कर रही है? यदि हॉ, तो इसके लिए सरकार की क्या कार्य योजना है और संबंधित कार्य कब तक प्रारम्भ होगा? यदि नहीं, तो क्यों? | खेल |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br><br>15.05.2017 | 21. | क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि उत्तराखण्ड बनने के उपरान्त विगत 16 वर्षों से काशीपुर नगर की आबादी दुगुनी हो चुकी है और इसके अनुपात में छात्राओं की शिक्षा के लिए कोई नया स्कूल नहीं खोला गया है? नगर में उ0प्र0 के समय में संचालित हो रहे राजकीय कन्या इण्टर कालेज की क्षमता 3000 से कम होने के कारण क्षेत्र की हजारों बालिकायें प्रतिवर्ष कक्षा 6 से 11वी तक की कक्षाओं में दाखिले लेने के लिए दर–दर भटकती रहती है और अन्ततः दाखिला लेने से वंचित रह जाती है? यदि हॉ, तो क्या सरकार इस समस्या के निदान हेतु काशीपुर में एक नया राजकीय कन्या इण्टर कालेज द्वितीय खोले जाने पर विचार कर रही है? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br><br>16.05.2017 | 22. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेगे कि विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के विकासखण्ड भौलधार अन्तर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय घोन (नगुण) का विद्यालय भवन काफी जीर्ण–क्षीण हालत में है जिससे भारी दुघर्टना होने की आशंका बनी हुई है? क्या यह सत्य है कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा विद्यालय प्रबन्धन समिति के द्वारा जीर्णक्षीण विद्यालय भवन निर्माण की मांग कई बार विभागीय उच्चाधिकारियों से की गई? यदि हां तो उक्त विद्यालय के भवन का पुर्ननिर्माण कब तक करवा लिया जायेगा? यदि नही ंतो क्यों? | शिक्षा |
| श्री मनोज रावत | | **मा0उच्च न्यायालय में विचाराधीन होने के आधार पर निरस्त** | उच्च शिक्षा |
| 17.05.2017 | 23. | क्या उच्च शिक्षा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि, उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्तराखण्ड में बालिकाओं के सबसे बड़े अशासकीय महाविद्यालय एम0के0पी0(पी0जी0) कालेज, देहरादून के सम्बन्ध में मा0 उच्च न्यायलय, नैनीताल में एम0के0पी0 (पी0जी0)कालेज सोसायटी द्वारा योजित रिट पिटीशन संख्या 1796/2014 में पारित निर्णय के अन्तर्गत एम0के0पी0(पी0जी0)कालेज का कार्यभार संस्था के प्रबन्धन को सोंपने हेतु प्राधिकृत नियंत्रक /जिलाधिकारी देहरादून को दिनांक 08 जनवरी 2015 को जारी परमादेश का अनुपालन करायेंगे? यदि हां तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों? | |

# नत्थी ''ख''

**कार्यमंत्रणा समिति ने अपनी दिनॉक 07 जून, 2017 की बैठक में दिनॉक 08 जून, 2017 से दिनॉक 20 जून, 2017 तक के उपवेशनों का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिश की हैः—**

**जून, 2017**

08 गुरूवार (1) औपचारिक कार्य।

(2) विधायी कार्य।

(3) मा0 वित्त मंत्री जी द्वारा वर्ष 2017—18 के बजट का प्रस्तुतीकरण। **(अपराह्न 04:00 बजे)**

09 शुक्रवार (1) बजट पर सामान्य चर्चा।

(2) असरकारी कार्य।

(3) निम्नलिखित असरकारी संकल्पों का प्रस्तुतीकरणः—

1. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना, मा0स0वि0स0 ''इस सदन का सुनिश्चित मत है कि प्रधानमंत्री सड़क योजना के अन्तर्गत जनसंख्या सम्बन्धी मानकों में और अधिक शिथिलता प्रदान करते हुए, प्रदेश के प्रत्येक गांव / तोकों को सड़क मार्ग से जोड़ा जाय।''

2. श्री चन्दन राम दास, मा0स0वि0स0 ''इस सदन का सुनिश्चित मत है कि उत्तराखण्ड राज्य शराब व व्यसन मुक्त हो तभी देव भूमि की कल्पना साकार होगी।''

3. श्री शक्ति लाल शाह, मा0स0वि0स0 ''इस सदन का सुनिश्चित मत है कि जनपद टिहरी गढ़वाल के अन्तर्गत अवस्थित भिलंगना विकास खण्ड की विषम भौगोलिक स्थिति के दृष्टिगत विकास खण्ड का पुनर्गठन कर प्रथम से एक नया ''बाल गंगा विकास खण्ड'' बनाये जाने हेतु प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा जाय।''

4. श्री भरत सिंह चौधरी, मा0स0वि0स0 ''इस सदन का सुनिश्चित मत है कि लोक निर्माण विभाग के कोर नेटवर्क में राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों के आलोक में केन्द्र सरकार से संशोधन का निवेदन किया जाय।

10 शनिवार राजकीय अवकाश।

11 रविवार राजकीय अवकाश।

12 सोमवार (1) बजट पर सामान्य चर्चा।

(2) विधायी कार्य।



13 मंगलवार (1) बजट पर सामान्य चर्चा।

| | |
|---|---|
| | (2) विभागवार अनुदान मॉगों का प्रस्तुतीकरण, चर्चा एवं मतदान। |
| | (3) विधायी कार्य। |
| 14 बुधवार | (1) विभागवार अनुदान मॉगों का प्रस्तुतीकरण, चर्चा एवं मतदान। |
| | (2) विधायी कार्य। |
| 15 गुरूवार | (1) विभागवार अनुदान मॉगों का प्रस्तुतीकरण, चर्चा एवं मतदान। |
| | (2) विधायी कार्य। |
| | (3) विनियोग विधेयक का पुरःस्थापन, चर्चा एवं मतदान। |
| 16 शुक्रवार | (1) विधायी कार्य। |
| | (2) असरकारी कार्य। |
| 17 शनिवार | राजकीय अवकाश। |
| 18 रविवार | राजकीय अवकाश। |
| 19 सोमवार | (1) विधायी कार्य। |
| 20 मंगलवार | (1) विधायी कार्य। |